अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

{ऑर्डर 20, रूल 6-7, जाब्ता दीवानी}
(Civil Procedure Code, Appendix "D-1")

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी {राजस्व} मुकाम श्रीकरणपुर
ब इजलास श्री श्योराम (आर.ए.एस.)

कंवरपाल सिंह आदि बनाम करनैल सिंह आदि
धारा अन्तर्गत 88, 91, 188 आरटीए
मुकदमा नम्बर **145/2025**
निर्णय दिनांक :-20.06.2025

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी **वादीगण अधिवक्ता श्री मनीष जागिंड, श्री इन्द्राज सेजू, उपस्थित होने** पर आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि वादीगण का वादपत्र अन्तर्गत धारा 88, 91, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम-1955 उभयपक्ष द्वारा प्रस्तुत राजीनामा अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 16/17 एच, पटवार हल्का मलकाना कलां, भू.अ.नि. क्षेत्र मलकाना कलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 16/16 में प्रतिवादी संख्या 3 कुलदीप कौर के नाम से दर्ज 0.507 हैक्टेयर भूमि में से 0.366 हैक्टेयर भूमि का वादी संख्या 3 जसविन्द्र सिह को, चक 13 एच के खाता संख्या 15/15 में प्रतिवादी संख्या 1 करनैल सिह के नाम से दर्ज 1.328 हैक्टेयर भूमि, प्रतिवादी संख्या 2 बलजिन्द्र कौर के नाम से दर्ज 0.222 हैक्टेयर भूमि, प्रतिवादी संख्या 3 कुलदीप कौर के नाम से दर्ज 0.222 हैक्टेयर भूमि, वादी संख्या 3 जसविन्द्र सिह के नाम से दर्ज 0.366 हैक्टेयर, प्रतिवादी संख्या 4 गुरदीप सिह के नाम से दर्ज 0.384 हैक्टेयर भूमि का वादी संख्या 1 कंवरपाल सिह को, चक 13 एच के खाता संख्या 56/101 में मुरब्बा नम्बर 36 के किला नम्बर 1, 2, 9, 10, 11, 20 की 1.075 हैक्टेयर भूमि का प्रतिवादी संख्या 1 करनैल सिंह को, चक 13 एच के खाता संख्या 16/16 में प्रतिवादी संख्या 3 कुलदीप कौर के नाम शेष 0.141 हैक्टेयर भूमि का प्रतिवादी संख्या 2 बलजिन्द्र कौर को खातेदार घोषित किया जाकर उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खातों के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे।

आज दिनांक 20.06.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

मुददई	रुपया	पैसा	मुदायली	रुपया	पैसा
स्टाम्प अर्जीदावा	02	00	स्टाम्प वकालतनामा	00	00
स्टाम्प वकालतनामा	02	00	स्टाम्प अर्जी	00	00
स्टाम्प ड्यूटी	1450	00	मेहनताना वकील पर	00	00
योग	**1454**	**00**	**योग**	**00**	**00**

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर
दिनांक: 20.06.2025

क्रमांक: रीडर/2025/404

प्रतिलिपि: तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर